बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र)

(आईएसओ : 9001:2015, 14001:2015 एवं 45001:2018 प्रमाणित इकाई)
(भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई)
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)

क्रमांक : बीएनपी/मा.सं./25/2023

विज्ञापन सं. 07/2023

चिकित्सा अधिकारियों की संविदा आधार पर नियुक्ति

बैंक नोट मुद्रणालय,देवास (म.प्र.), भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड, भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली मिनी रत्न कैटेगरी–। सेन्ट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइज कंपनी की नौ इकाईयों में से एक है।

बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.) निम्नलिखित पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/वॉक–इन–इन्टरव्यू के लिए आमंत्रित करते हैं। पदों की जानकारी, शैक्षणिक योग्यता एवं देय परिलब्धियाँ निम्नानुसार हैं :–

योग्यता मापदण्ड :

क्र.	पदनाम	कुल पद	योग्यता	देय परिलब्धियाँ (पूर्ण कालिक/अंश कालिक आधार पर)
1.	चिकित्सा अधिकारी (पूर्ण कालिक आधार पर)	01 (एक)	क. मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री सहित तीन (03) वर्ष तक का अुनभव। **या** ख. मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री सहित तीन (03) वर्ष से सात (07) वर्ष तक का अुनभव। **या** ग. मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री सहित सात (07) वर्ष से दस (10) वर्ष तक का अुनभव। **या** घ. मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री सहित दस (10) वर्ष से अधिक का अुनभव।	'क' योग्यता के लिए रू.63000 प्रतिमाह (सभी सम्मिलित) 'ख' योग्यता के लिए रू.75000 प्रतिमाह (सभी सम्मिलित) 'ग' योग्यता के लिए रू.80000 प्रतिमाह (सभी सम्मिलित) 'घ' योग्यता के लिए रू.86000 प्रतिमाह (सभी सम्मिलित)
2.	चिकित्सा अधिकारी (ईएनटी विशेषज्ञ) – अंश कालिक आधार पर	01 (एक)	मेडिकल कॉंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से ईएनटी में एम.बी.बी.एस. डिग्री।	रू. 950/– प्रति विज़िट/ प्रतिदिन (04 विज़िट प्रति सप्ताह एवं अधिकतम 18 विज़िट प्रतिमाह)
3.	फिज़ियोथैरेपिस्ट –अंश कालिक आधार पर	01 (एक)	मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से फिज़ियोथैरेपी में डिग्री/डिप्लोमा सहित कम से कम एक वर्ष का अुनभव।	
	चिकित्सा अधिकारी (शिशु रोग विशेषज्ञ) –अंश कालिक आधार पर	01 (एक)	मेडिकल कॉंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से शिशु रोग विशेषज्ञता में एम.बी.बी.एस. डिग्री ।	

2. **अनुबंध की अवधि** : उपरोक्त पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रारंभ में 01 वर्ष के लिये अनुबंधित किया जाएगा। अनुबंध की अवधि कार्य निष्पादन के आधार पर अधिकतम 03 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है।

3. **तैनाती स्थल** : चयनित अभ्यर्थी की पदस्थापना बीएनपी हॉस्पिटल, देवास (म.प्र.) में की जाएगी।

4. **अधिकतम आयु सीमा** : अधिकतम आयु 62 वर्ष से अधिक **नहीं** होनी चाहिये।

5. **नोट** :

वॉक–इन–इन्टरव्यू की दिनांक 20/03/2024 (बुधवार)	रिपोर्टिंग का समय प्रातः 10:30 बजे
स्थल : चामुंडी गेस्ट हाउस, बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.)–455001	

i. इच्छुक अभ्यर्थी वॉक–इन–इन्टरव्यु हेतु पूर्ण रूप से भरे हुए निर्धारित आवेदन के साथ शैक्षणिक, अनुभव एवं आयु से संबंधित समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं स्व–प्रमाणित एक प्रति सहित उपस्थित होगें।

ii. कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त दस्तावेजों के बिना अथवा रिपोर्टिंग समय के बाद उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

iii. सभी पात्रता/आयु इत्यादि की शर्तें वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथि से लागू होंगी।

iv. प्रबंधन के पास विज्ञापन को पूर्ण या आंशिक तौर पर निरस्त/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है एवं निर्णय को केवल कंपनी की वेबसाईट https://bnpdewas.spmcil.com पर प्रदर्शित किया जाएगा। व्यक्तिगत रूप से किसी भी अभ्यर्थियों को इसकी सूचना नहीं दी जाएगी।

सही/–
संयुक्त महाप्रबंधक (मा.सं.)